# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 06.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना पैलानी पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से हुई चोरियों को खुलासा करते हुए अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के 02 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के माल सहित 02 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 06.10.2025 को थाना पैलानी पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से हुई चोरियों का खुलासा करते हुए अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के 02 सदस्यों को चोरी के माल सहित अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम पिपरहरी के रहने वाले ज्वाला प्रसाद के घर में अज्ञात चोरों द्वारा दिनांक 26.08.2025 की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पैलानी में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 06.10.2025 को थाना पैलानी पुलिस द्वारा बरगदिया शिवमंदिर के पास से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से 02 अवैध तमंचे, 04 जिन्दा कारतूस, व पीली धातु के टंच बरामद हुए जिसके सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बांदा के आस-पास के जनपदों सहित म0प्र0 आदि राज्यों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है। बांदा जनपद में की गई चोरियों को सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ करने पर थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम बरेठीकलां व थाना बिसण्डा क्षेत्र के ग्राम कोनी में चोरी करने की घटना को स्वीकार किया गया। दोनों अभियुक्तों पर हमीरपुर महोबा आदि जनपदों में चोरी आदि के कई मामलें दर्ज है। पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके और कहां-कहां व किन-किन जनपदों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

**बरामदगी-**

- पीली धातु के 02 टंच वजन करीब 19 ग्राम (चोरी के आभूषण पिघलाकर बनवाये गए )
- 02 अवैध तमंचा
- 04 जिन्दा कारतूस
- 03 मोबाइल फोन

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अजीत पुत्र गया प्रसाद निवासी खड़ेही लोधन थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।
2. राघवेन्द्र सिंह उर्फ रग्घू पुत्र लालदीवान निवासी महेरा थाना बिवार जनपद हमीरपुर।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 209/25 धारा 305(ए)/317(4)/331(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पैलानी जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0- 93/25 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना चिल्ला जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0- 290/25 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना बिसंडा जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री हरीशरण सिंह चौकी प्रभारी खप्टिहाकलां
2. उ0नि0 श्री लल्लन प्रसाद
3. कां0 जितेन्द्र कुमार
4. कां0 साहिल चौधरी

**आपराधिक इतिहास राघवेन्द्र उर्फ रग्घू पुत्र लाल दीवान उपरोक्त-**

1. मु0अ0स0 154/21 धारा 380/457 भादवि0 थाना विवार जनपद हमीरपुर
2. मु0अ0स0 163/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना विवार जनपद हमीरपुर
3. मु0अ0स0 147/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
4. मु0अ0स0 68/23 धारा 392ए/411/427/506 भादवि थाना जरिया जनपद हमीरपुर
5. मु0अ0स0 72/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर
6. मु0अ0स0 250/23 धारा 3(1) गैगस्टर एक्ट थाना जरिया जनपद हमीरपुर
7. मु0अ0स0 67/23 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट,392/411 भादवि थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर
8. मु0अ0स0 338/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना राठ जनपद हमीरपुर
9. मु0अ0स0 185/24 धारा 112(2)/305ए/317(2)/331(4) बीएनएस थाना चरखारी जनपद महोबा
10. मु0अ0स0 191/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चरखारी जनपद महोबा

**आपराधिक इतिहास अजीत पुत्र गया प्रसाद उपरोक्त-**

1. मु0अ0स0 02/24 धारा 147/148/149/307/504/506 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
2. मु0अ0स0 04/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
3. मु0अ0स0 116/24 धारा 3(1) गैगस्टर अधिनियम थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
4. मु0अ0स0 36/24 धारा 380/411/457 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा